दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण पश्चिम चंपारण, दरभंगा, मधुबनी, अररिया और भागलपुर समेत दस जिले बाढ़ की चपेट में।

02. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए सी.यू.इ.टी.–यूजी के प्रभावित विद्यार्थियों के लिए उन्नीस जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करेगा।

03. मधुबनी जिले की मेनका मल्लिक नेपाली भाषा के उपन्यास “नीलकंठ” के मैथिली अनुवाद के लिए साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार से सम्मानित।

04. और, राज्य सरकार ने जमाकर्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों में विशेष न्यायालय का गठन किया।

---

नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रहीं बारिश के चलते राज्य की कई प्रमुख नदियाँ उफान पर है। लगातार हो रही बारिश कारण घाघरा, गंडक, बागमती, कोसी, कमलाबलान, महानन्दा और अधवारा समूह के नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से दस जिलों में बाढ़ की स्थिति है। बागमती और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर बढ़ने से सीतामढ़ी के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात है। इधर, कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण सुपौल, सहरसा और मधेपुरा जिले के कई प्रखंड बाढ़ के चपेट में आ गए है।

हमारे संवाददाता ने बताया कि पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर गंडक बराज से एक लाख सत्तर हजार क्यूसेक पानी गंडक नदी मे छोड़ा गया। जिससे जिले में विभिन्न स्थानों पर तटबंधो पर दबाव बढ़ गया है।

–––बाईट–––

योगापट्टी प्रखंड के तीन पंचायत के एक दर्जन से अधिक गांवो मे बाढ़ का पानी फैला हुआ है। गंडक नदी के उफान से योगापट्टी के सिसवा, मंधातापुर ,गोडियाटोली, पूरबटोला, बिन्दटोली, जबलपुर, खुटवनिया ,बैसिया जैसे गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। मधुबनी प्रखंड के भी कई गांवों का बाढ़ के कारण प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। जिला प्रशासन की ओर से मुनादी कर लोगों से उंचे स्थानों पर जाने और बाढ़ राहत शिविर में शरण लेने की अपील की जा रही है। वहीं, बगहा क्षेत्र में भी गंडक नदी के पानी ने मुश्किले बढ़ा दी हैं। नैनाहा ढाला से लेकर नैनाहा गांव तक नदी के दबाव के कारण सड़कें पानी में बह गई हैं। इधर, भितहां प्रखंड के सेमरवारी पंचायत अंतर्गत करहिया– बसौली मुख्य मार्ग वर्षा के पानी के तेज बहाव के कारण टूट गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। हालांकि गंडक नदी के किनारे बसे निचले इलाकों में अब भी बाढ़ की

स्थिति बनी हुई है। सदर प्रखंड के रामनगर, जागीरी टोला ,मलाही टोला में सडको पर बाढ़ का पानी फैला है। लोगों को इन क्षेत्रों में नाव से आवाजाही करनी पड़ रही हैं। जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को दो सरकारी नाव उपलब्ध करायी गयी है। निजी नौकाओं का भी परिचालन किया जा रहा है। मधुबनी जिले में कई स्थानों पर बाढ़ का पानी फैलने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

जिले के विभिन्न भागों में बाढ़ से हालात खराब हो गये हैं। लदनियां प्रखंड के खाजेडीह गांव में धर्मवन चौक के पास त्रिशूला नदी का पानी खुटौना से जयनगर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बह रहा है। इससे इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया है। पानी के अधिक दबाव के कारण कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। अंचलाधिकारी कुमार राजीव ने स्थल का जायजा लिया। उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। इधर दनरा पुल सिघपा और मुनहारा नदी के बेलाही चोक पर कटाव होने से भारी वाहनों का आवागमन प्रभावित हो सकता है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव फिलहाल जारी है।

–––बाईट–––

सुपौल में कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव फिलहाल जारी है। जिले के बाढ़ प्रभावित पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, निर्मली, सरायगढ़ –भपटियाही एवं मरौना के निचले इलाकों में बाढ़ का अभी भी जमा है। जबकि ऊंचे स्थानों पर से बाढ़ का पानी निकल गया है। पिछले कुछ दिनों से कोसी नदी के जलस्तर में कमी देखी जा रही है। भीमनगर कोसी बराज से एक लाख 37 हजार क्यूसेक से अधिक पानी का डिस्चार्ज किया गया। इससे पूर्वी कोसी तटबंध के स्पर की नोज पर पानी का दबाव बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग की टीम द्वारा स्पर को सुरक्षित रखने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में बीते चार दिनों से हो रही बारिश से परमान समेत अन्य सहायक नदियों का पानी सिकटी, पलासी, जोकीहाट, कुर्साकांटा,नरपतगंज सहित आधा दर्जन प्रखंडों के कई गांव के निचले इलाकों में तेजी से फैल रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बीमारियों ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ ही निःशुल्क दवाओं का वितरण कर रहे हैं। इधर, दरभंगा जिले से गुजरने वाली कमला बलान, बागमती, करेह, कोसी, अधवारा आदि नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि घनश्यामपुर में कमला बलान नदी खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही है। इससे नदी के दोनो तटबंधों के बीच बसे बार, नवटोली, मुसहरी सहित लगभग दस गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। इन गांवों का प्रखंड और जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। इधर, भागलपुर जिले में नवगछिया अनुमंडल में गंगा और कोशी नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई। एक रिपोर्ट––

–––बाईट–––

दोनों नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने से निचले और दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों में दहशत व्याप्त है। नवगछिया बाढ़ नियंत्रण कार्यालय के अनुसार पिछले 12 घंटे में गंगा नदी में 19 सेंटीमीटर और कोशी नदी में 16 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। इधर, कहलगांव प्रखंड के वीरबन्ना पंचायत के कई गांवों में तेज कटाव हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

---

मौसम विभाग ने आज राज्य के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण सीवान, सारण, दरभंगा, मधुबनी समेत राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान अररिया और किशनगंज में भारी बारिश के साथ वज्रपात की भी आशंका जताई गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. सुमन ने बताया कि इस सप्ताह चक्रवाती परिसंचरण के कमजोर पड़ने के कारण मॉनसूनी गतिविधियों में कमी आयेगी। उन्होंने बताया कि इसके चलते तापमान में बढ़ोतरी की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान लखीसराय, नवादा, नालंदा, खगड़िया, मधेपुरा और पूर्णियां जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारह दशमलव पाँच सेंटीमीटर बारिश लखीसराय के हलसी में हुई है। वहीं, बेलदौर में साढे ग्यारह सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

---

संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूइटी–यूजी के प्रभावित विद्यार्थियों के लिए उन्नीस जुलाई को पुर्नपरीक्षा आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि एक हजार से अधिक परीक्षार्थियों के लिए आयोजित यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। विषय कोड का उल्लेख करते हुए उन्हें ईमेल भेज दिया गया है। जल्द ही एडमिट कार्ड जारी कर दिये जाएंगे। एनटीए ने कहा कि विशेषज्ञों से मिले फीड बैक के आधार पर प्रश्नों का उत्तर तैयार किया जा रहा है। इसे आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकेगा।

---

राज्य सरकार ने पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर सभी नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों में विशेष न्यायालय का गठन किया है। इन न्यायालयों में निजी कंपनियों, एनबीएफसी और चिटफंड कंपनियों के पैसा लेकर फरार होने के मामलों की सुनवाई की जाएगी। इन प्रमंडलों में पटना, तिरहुत, कोसी, दरभंगा, पूर्णियां, भागलपुर, मगध, सारण और मुंगेर में विशेष न्यायालय का गठन किया गया है।

---

प्रदेश कांग्रेस आज लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन को लेकर समीक्षा बैठक करेगी। पार्टी के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौर ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में सभी जिला अध्यक्षों के साथ पटना स्थित पार्टी मुख्याल में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर सफलता प्राप्त हुयी थी। पार्टी ने नौ सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे।

---

नेपाल में के. पी. शर्मा ओली आज प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह काठमांडू में राष्ट्रपति भवन में आयोजित होगा। तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गये बहत्तर वर्षीय ओली, श्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड का स्थान लेंगे जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल नहीं कर पाये। राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने सीपीएम–यूएमएल और नेपाली कांग्रेस गठबंधन के नेता चुने गये श्री ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

---

उपभोक्ता कार्य विभाग ने पैकेट बंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए लीगल मेट्रोलॉजी, पैकेज्ड कमोडिटीज नियम, दो हजार ग्यारह में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर खुदरा बिक्री के लिए प्री–पैकेज्ड वस्तुओं की सभी जानकारी घोषित करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है।

———बाईट———

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि संशोधन से पैकेटबंद वस्तुओं के लिए समान मानक और जरूरतें स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे विभिन्न ब्रांडों और उत्पादों में स्थिरता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि इससे उपभोक्ताओं को संपूर्ण जानकारी के आधार पर सूचित विकल्प चुनने में भी मदद मिलेगी। हालाँकि, नए नियम औद्योगिक उपभोक्ताओं या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकटबंद वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे। विभाग ने इस महीने की 29 तारीख तक हितधारकों से विचार आमंत्रित किए हैं। समाचार कक्ष से जया भारती।

---

मधुबनी जिले की मेनका मल्लिक को नेपाली भाषा के उपन्यास “नीलकंठ” के मैथिली अनुवाद के लिए साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। श्रीमती मेनका को पिछले दिनों बेंगलुरु में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। श्रीमती मल्लिक खजौली प्रखंड क्षेत्र के कन्हौली पंचायत के मल्लिक टोला गांव की निवासी हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर स्कूल में नामांकन के लिए प्रथम चयन सूची के अंतर्गत उन्नीस जुलाई तक का समय निर्धारित किया है।

---

औरंगाबाद जिले में एसटीएफ की टीम ने एक लाख रूपये के इनामी नक्सली बिहारी जी उर्फ बिहारी रवानी को गोह थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पर देशद्रोह कानून के तहत कई मामले दर्ज हैं।

---

मधुबनी जिले में लदनियां थाना क्षेत्र की पुलिस ने बयालीस लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में बिहार लोक सेवा आयोग ने किये कई बड़े बदलाव।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है– आखिरकार छियालीस वर्षों के बाद खोला गया पुरी जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– राजस्व मंत्री ने माना, बिना पैसे कोई काम नहीं कर रहा।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– दनियावां में सिमेंट और सिकन्दरपुर में बिस्कुट की लगेगी फैक्ट्री, इसी साल से होगा उत्पादन शुरू।

**आज** अखबार का शीर्षक है– राम सेतु के रहस्यों का पता लगाने में मिली सफलता। इसरों ने नासा के साथ मिलकर तैयार किया समुद्र के नीचे का पहला नक्शा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण पश्चिम चंपारण, दरभंगा, मधुबनी, अररिया और भागलपुर समेत दस जिले बाढ़ की चपेट में।

02. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए सी.यू.इ.टी.–यूजी के प्रभावित विद्यार्थियों के लिए उन्नीस जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करेगा।

03. मधुबनी जिले की मेनका मल्लिक नेपाली भाषा के उपन्यास "नीलकंठ" के मैथिली अनुवाद के लिए साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार से सम्मानित।

04. और, राज्य सरकार ने जमाकर्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों में विशेष न्यायालय का गठन किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।